# दूध उत्पादन तकनीक ने बदली पारिस्थितिकी तंत्र



**लखनऊ (एसएनबी)।** जोखिम प्रबंधन, जलवायु और स्थिरता समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बीएल एग्रो और इसके कृषि प्रौद्योगिकी उद्यम लीड्स कनेक्ट ने कृषि भारत में समर्थ 1.0 लॉन्च किया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव आईएएस मनोज कुमार सिंह, नीदरलैंड के कृषि, मत्स्य पालन, खाद्य सुरक्षा और प्रकृति मंत्री जान-कीस गोएट और पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव आईएएस के. रविंदर नायक मौजूद थे।

लीड्स कनेक्ट सर्विसेज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नवनीत रविकर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 'हमारे प्रयास कृषि और पर्यावरण के लिए मजबूत और अनुकूल समाधान विकसित करने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं। हमने जो दूध उत्पादन तकनीक पेश की है, उसने पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बदल दिया है, जिससे दक्षता और उत्पादकता का एक नया स्तर सामने आया है। अब हम कृषि और डेयरी के बीच मजबूत बाजार संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे एक अधिक एकीकृत और पर्यावरण अनुकूल मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा मिलेगा। समर्थ 1.0 प्रभावशाली समाधानों के माध्यम से लोगों के जीवन को बदलने और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के हमारे समर्पण का प्रमाण है।'

**सामने आया दक्षता व उत्पादकता का एक नया स्तर : नवनीत रविकर**

**मुख्य सचिव ने किया बीएल एग्रो व लीड्स कनेक्ट समर्थ 1.0 का शुभारंभ**

मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की गहरी जड़ों वाली कृषि विरासत पर जोर देते हुए कहा, 'उत्तर प्रदेश हमेशा से कृषि की भूमि रहा है और आगे भी रहेगा। मैं हमारे किसानों और कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक पेश करने में बीएल एग्रो और लीड्स कनेक्ट के प्रयासों की गहराई से सराहना करता हूं। प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों पर उनका ध्यान, विशेष रूप से दूध और फसल उत्पादकता बढ़ाने और मवेशियों के लिए भ्रूण विकास को आगे बढ़ाने में, राज्य के कृषि और डेयरी क्षेत्रों को बढ़ावा देने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगा।